उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या: 29/2024/1749/छप्पन-2023-14(सा0)/2021
लखनऊ, दिनांक: 13 मार्च, 2024

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

नागरिक उड्डयन विभाग, उ0प्र0 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 102/2021/2295/छप्पन-2021-14(सा0)/2021 दिनांक 03 दिसम्बर, 2021 द्वारा श्री पुथन रमेश को अपर निदेशक (तकनीकी) के पद पर रु0 3,00,000/- के नियत मासिक पारिश्रमिक पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अग्रतर दो वर्ष के लिए संविदा के आधार पर नियुक्त किया गया था, जिसके अनुपालन में उनके द्वारा दिनांक 28 फरवरी, 2022 के पूर्वाह्न में अपना कार्यभार ग्रहण किया गया था, जिसकी अवधि दिनांक 27 फरवरी, 2024 को पूर्ण हो गई है।

2- निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-259/ना0उ0नि0/व्य0पत्रा0/2023 दिनांक 06 दिसम्बर, 2023 द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त, अपर निदेशक (तकनीकी) के पद पर कार्यरत श्री पुथन रमेश की संविदा सेवा अवधि को वर्तमान मासिक पारिश्रमिक रू0 3,15,000.00/- एवं शासनादेश दिनांक 09 सितम्बर, 2014 के अनुसार अनुमन्य 05 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि पर दिनांक 28 फरवरी, 2024 से 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक अर्थात 31 मार्च, 2027 तक बढ़ाए जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- श्री पुथन रमेश की संविदा सेवा के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत जारी रहेंगी।

4- श्री पुथन रमेश से संविदा पर नियुक्ति के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर पुनः अनुबन्ध-पत्र निष्पादित करके उसकी एक प्रति निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा शासन को उपलब्ध कराई जाएगी।

आनन्द कौशिक
अनु सचिव।

2/--

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या: 29/2024/1749(1)/छप्पन-2023 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे श्री पुथन रमेश, अपर निदेशक (तकनीकी) से निर्धारित प्रपत्र पर पुनः अनुबन्ध पत्र निष्पादित कराके उसकी एक प्रति शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, प्रयागराज ।
3. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ
5. श्री पुथन रमेश, अपर निदेशक (तकनीकी), नागरिक उड्डयन निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7।
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
आनन्द कौशिक
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।